दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 286 ■ भीलवाड़ा ■ शनिवार 28 नवम्बर 2026 ■ मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष- पंचमी संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

उपप्रधान चुनाव में भी खजूरी में बवाल

नामांकन के दौरान विधायक गोपीचंद मीणा और एसपी सागर राणा में तीखी नोकझोंक, भारी जाब्ता तैनात

तीन एफआईआर में कार्रवाई न होने व अपशब्दों को लेकर आमने-सामने हुए दोनों

कांग्रेस प्रत्याशी के साथ हिस्ट्रीशीटर होने के आरोप परभी गरमाया माहौल



भीलवाड़ा/जहाजपुर। खजूरी पंचायत समिति में प्रधान चुनाव के दौरान हुए हंगामे के बाद शनिवार को उपप्रधान पद के चुनाव के दौरान भी माहौल गरमा गया। नामांकन प्रक्रिया के बीच भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा और जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के बीच तीखी बहस और गहमागहमी देखने को मिली, जिससे मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, उपप्रधान पद के लिए शनिवार सुबह 10 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। इसी दौरान कांग्रेस से निर्वाचित सदस्य मनीषा मीणा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने पहुंचीं। उनके साथ विधायक गोपीचंद मीणा सहित भाजपा के अन्य नेता और समर्थक मौजूद रहे। भाजपा की ओर से मनीषा मीणा को समर्थन देने की बात कही गई, जबकि कांग्रेस की ओर से हेमराज रेगर ने उपप्रधान पद के लिए नामांकन दाखिल किया। करीब 11 बजे जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा भी खजूरी पहुंचे और शुक्रवार को हुए घटनाक्रम की जानकारी ली।

इनका कहना है...

मैंने पुलिस प्रशासन या एसपी साहब को कोई गाली नहीं दी, बल्कि हमेशा पुलिस प्रशासन का सम्मान किया है। बाहर से आए हिस्ट्रीशीटर, गुंडे और बदमाश प्रवृत्ति के लोग क्षेत्र में घूमकर अशांति फैलाना और माहौल खराब करना चाहते हैं, तथा जनता को प्रताड़ित कर रहे हैं। मैंने अपशब्द उन्हीं बाहरी असामाजिक तत्वों के लिए कहे थे। वे एसपी साहब को नहीं, बल्कि उन्हीं लोगों को कह रहे थे। साथ ही, उन्होंने आईजी साहब से बात कर और गाड़ी रोककर यह पूछा था कि चुनाव के दौरान बाहर के लोगों को किस नियम के तहत एस्कॉर्ट उपलब्ध कराई जा रही है।

गोपीचंद मीणा, विधायक, जहाजपुर



गाड़ी रोकते ही आमने-सामने आए विधायक व एसपी

नामांकन दाखिल कर लौट रहे कांग्रेस के सीआर की गाड़ी को रोके जाने के बाद विधायक गोपीचंद मीणा और एसपी सागर राणा के बीच जमकर बहस हुई। विधायक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रत्याशी के साथ बाहरी, आपराधिक प्रवृत्ति के लोग और हिस्ट्रीशीटर आए हैं तथा पुलिस उन्हें एस्कॉर्ट व संरक्षण दे रही है। उन्होंने तीन एफआईआर दर्ज कराने के बावजूद कार्रवाई न होने का मुद्दा उठाया। बातचीत के दौरान परिजन व माता-पिता के होने, वीडियोग्राफी बयानों, लिखित रिपोर्ट और थाने के सीसीटीवी कैमरे दिखाने तथा अपनी मर्जी से जाने के दावों को लेकर दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। एसपी सागर राणा ने भीड़ इकट्ठी न करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि पूरा जाब्ता व्यवस्था और सुरक्षा के लिए तैनात है तथा मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने आरओ और एसडीएम की मौजूदगी व ज्ञापन सौंपे जाने का जिक्र करते हुए स्थिति संभालने का प्रयास किया और मौके पर मौजूद विधायक समर्थकों को हटाया।

अपशब्दों को लेकर फिर बढ़ा तनाव, पुलिस ने संभाला मोर्चा

समर्थकों को मौके से हटाने और विधायक के अपशब्द कहे जाने से भी माहौल गरमा गया। विधायक गोपीचंद मीणा पर अपशब्द कहे जाने का आरोप लगा और एसपी सागर राणा ने सभ्यता और मर्यादा में बात करने की बात कही। इस दौरान दोनों के बीच उंगली उठाकर तीखी बहस हुई। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर तैनात भारी पुलिस जाब्ते ने बीच-बचाव कर भीड़ को हटाया और कानून-व्यवस्था बहाल की। उपप्रधान चुनाव की प्रक्रिया के बीच हुए इस पूरे घटनाक्रम से खजूरी में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल एक बार फिर तेज हो गई।

मालोला हत्याकांड: समझाइश के बाद पोस्टमार्टम को तैयार हुए परिजन, पुलिस ने तेज की तफ्तीश





सर्दी के बावजूद रातभर मोर्चरी के बाहर जमा रहे लोग, सुबह महिलाएं भी पहुंची मोर्चरी, किया जमकर प्रदर्शन

भीलवाड़ा। शहर के नजदीक मालोला गांव में युवक कमल सिंह



दरोगा की हत्या के मामले में नया अपडेट सामने आया है। गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े परिजन और समाजजन प्रशासन व पुलिस की समझाइश के बाद पोस्टमार्टम के लिए तैयार हो गए हैं। गांधीनगर थाना प्रभारी पुष्पा कासोटिया के मुताबिक महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद मामले में आगे की गहन जांच और कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार मालोला निवासी 37 वर्षीय कमलसिंह दरोगा 24 नवंबर को सुबह करीब साढ़े 11 बजे घर से निकले थे, जिसके बाद वे वापस नहीं लौटे और उनका मोबाइल फोन भी बंद हो गया। परिजनों की रिपोर्ट पर गांधीनगर थाने में 25 नवंबर को गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। तलाश के दौरान शुक्रवार सुबह करीब 10 से साढ़े 11 बजे के बीच गांव के पास एक खेत की मेड़ और झाड़ियों के बीच कमलसिंह का क्षत-विक्षत शव मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने परिजनों से शव की शिनाख्त करवाई, जिस पर भाई ने शव की पहचान कमलसिंह के रूप में की। घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया था। उस दौरान रावणा राजपूत समाज के लोगों और परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक पोस्टमार्टम न कराने और शव न उठाने की चेतावनी दी थी। समाज के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने मामले में पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाए थे और समय रहते कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए थे। वहीं, घटनास्थल पर एफएसएल और एमओबी टीमों ने भी पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण करते हुए साक्ष्य जुटाए थे।

परिजनों ने हत्या किए जाने की जताई आशंका

प्रारंभिक तौर पर परिजनों ने युवक की धारदार हथियार या कुल्हाड़ी से वार कर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई थी। खेत में शव पड़े रहने के दौरान जंगली जानवरों द्वारा शव को नोचे जाने की बात भी सामने आई थी, जिससे शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला था। वहीं परिजनों व समाजजनों के हवाले से यह भी बात सामने आई थी कि गुरुवार को युवक की बाइक खेत पर छोड़ी गई थी और शुक्रवार को शव बरामद हुआ।

पुलिस ने प्रथम दृष्टया मामले को हत्या का माना

थानाप्रभारी के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद से ही पुलिस तफ्तीश में जुटी हुई थी और अब पोस्टमार्टम के बाद आगे की कानूनी व जांच संबंधी कार्रवाई को और तेज किया जा रहा है। कॉल डिटेल, घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और अन्य पहलुओं के आधार पर पुलिस मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद मालोला और आसपास के क्षेत्र में तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों और परिजनों की नजरें अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा पुलिस जांच के खुलासे पर टिकी हैं कि आखिर कमलसिंह के लापता होने से लेकर उनकी हत्या तक का पूरा घटना म क्या रहा और इस वारदात में कौन लोग शामिल हैं।

बालाजी की असीम कृपा से समस्या का तुरंत निदान

राजस्थान के जाने-माने ज्योतिषाचार्य
विक्रम सिंह सोनी
ज्योतिष सम्बन्धित सभी समस्याओं का तुरंत निवारण सशुल्क ऑनलाईन किया जाता है।
मिलने के लिए आप 3 से 6 प्रतिदिन फोन करके पधारें।
डांगी फैक्ट्री के पीछे, सांवरिया मंदिर के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा
9509837485, 6350542648

आज चुने जाएंगे उप प्रधान, खजूरी में सियासी उलटफेर
कांग्रेस की मनीषा ने निर्दलीय फॉर्म भरा, भाजपा का समर्थन

चुनावः 288 सदस्य चुनेंगे 16 उप प्रधान, जहाजपुर, खजूरी सहित सभी स्थानों पर कड़ी सुरक्षा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले की सोलह पंचायत समितियों में कल प्रधान चुनने के बाद आज उप प्रधान के चुनाव हो रहे हैं। सभी जगह भाजपा-कांग्रेस मैदान में हैं। ऐसे में दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक मतदान तय है। पंचायत समितियों में 288 सदस्य मतदान करेंगे। शत प्रतिशत मतदान होते ही मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

शहर से सटी सुवाणा पंचायत समिति में 27 सीटों में से 19 जीतकर कांग्रेस ने कल अपना प्रधान बनाया। आज उप प्रधान भी उसी का बनना तय है। इसकी वजह है भाजपा के पास 8 सीट होना। कांग्रेस ने यहां से नाराणी को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के रामप्रसाद गाडरी मैदान में हैं। सबकी नजरें जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र की नवगठित खजूरी पंचायत समिति पर टिकी है, जहां कल प्रधान चुनाव को लेकर बवाल मचा था। कांग्रेस के निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को मतदान के लिए ला रही बस को रोककर नाराज लोगों ने तोड़फोड़ कर रास्ता जाम कर दिया था।

आज खजूरी पंचायत समिति में उपप्रधान पद के चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। मनीषा मीणा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा की ओर से मनीषा मीणा को समर्थन दिए जाने की बात सामने आई है। कांग्रेस की ओर से हेमराज रैगर ने उपप्रधान पद के लिए नामांकन दाखिल कर अपनी दावेदारी पेश की है। मनीषा मीणा को भाजपा का समर्थन मिलने से चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है। अब सबकी निगाहें पंचायत समिति सदस्यों के समर्थन और मतदान के नतीजों पर टिकी हैं। खजुरी में उपप्रधान की कुर्सी किसके हिस्से आएगी, इसका फैसला चुनाव परिणाम से होगा।

जहाजपुरः कांग्रेस-भाजपा से मीणा की दावेदारी

जहाजपुर। सत्रह सदस्यीय जहाजपुर पंचायत समिति में उपप्रधान चुनाव में कांग्रेस और भाजपा ने अपने-अपने प्रत्याशी उतारे हैं। कांग्रेस की ओर से रामप्रसाद मीणा ने उपप्रधान पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया, वहीं भाजपा की ओर से मीरा देवी मीणा ने अपना नामांकन प्रस्तुत कर दावेदारी जताई। यहां कांग्रेस की 10 सीटें व भाजपा की 5सीटे हैं। दो निर्दलीय हैं। मुकाबला रोचक हो गया है। अब सभी की नजरें चुनाव परिणाम पर टिकी हैं। पंचायत समिति सदस्यों के समर्थन और राजनीतिक समीकरणों के बीच उपप्रधान की कुर्सी किसके हिस्से आएगी, इसका फैसला आज होगा।

शंभूगढ़: प्रधान के बाद अब उप प्रधान भी निर्दलीय

शंभूगढ़ पंचायत समिति में कांग्रेस ने निर्दलीय महेंद्र सालवी को अपना बनाकर उप प्रधान के लिए मैदान में उतारा है। भाजपा ने नरेश सांड को प्रत्याशी बनाया। वहां कुल 15 में से 6 सीटें भाजपा, 7 सीटें कांग्रेस और 2 सीटें निर्दलीय के पास है। कांग्रेस ने कल प्रधान के चुनाव में भी निर्दलीय सुशीला देवी नायक को उतारा था। आज भी उप प्रधानु चुनाव में भी यही दांव खेला है। इसलिए कांग्रेस का उप प्रधान तय है।

शाहपुराः कांग्रेस से सीमा एवं भाजपा से नेतू मैदान में

शाहपुरा। पंचायत समिति शाहपुरा में कांग्रेस से सीमा जाट एवं भाजपा से नेतू देवी गुर्जर ने फार्म दाखिल किया। यहां 15 सदस्य में से 11 कांग्रेस व 4 भाजपा के हैं। मतदान के बाद मतगणना होगी। प्रधान के परिणाम के अनुसार ही उपप्रधान के परिणाम आने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

बिजौलियांः भाजपा की निर्विरोध प्रधान के बाद अब उप प्रधान पर नजर

बिजौलियां। बिजौलिया पंचायत समिति में प्रधान पद के बाद अब उपप्रधान पद को लेकर राजनीतिक मुकाबला रोचक हो गया है। उपप्रधान की कुर्सी पर कब्जा जमाने के लिए कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं। दोनों ने अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। कांग्रेस के भंवर मीणा ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने प्रकाश चंद्र शर्मा पर भरोसा जताया। दोनों प्रत्याशियों ने आरओ छोटूलाल शर्मा के समक्ष नामांकन पत्र पेश किए। बिजौलियां पंचायत समिति में 15 वार्ड हैं। कांग्रेस आठ सीटें जीत बहुमत में है। भाजपा की सात सीटें हैं। चुनाव को लेकर दोनों खेमों में रणनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस चुनाव को दोनों दलों के लिए प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कल प्रधान पद पर भाजपा के शिवराज सोयल निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी नहीं उतार पाई थी। यह चुनाव कांग्रेस और भाजपा के लिए अहम माना जा रहा है।

कोटडीः भाजपा की केसर का बनना तय

कोटड़ी पंचायत समिति में कुल 27 सदस्य हैं। इसमें भाजपा के 16 और 11 कांग्रेस के हैं। भाजपा से कैलाश सुथार व कांग्रेस से केसर कंवर ने नामांकन भरा। यहां भाजपा बहुमत में होने के कारण केसर कंवर का उप प्रधान बनना तय है।

बहुमत में कांग्रेस भारी, पर प्रधान बनाने में भाजपा ने दिखाई रणनीति

कांग्रेस के 10 और भाजपा के 6 प्रधान बने

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले की 16 पंचायत समितियों के 288 सदस्यों के चुनाव में भाजपा पर कांग्रेस भारी पड़ी। उसे 12 पंचायत समितियों में बहुमत मिला। शंभूगढ़ पंचायत समिति में सबसे बड़ी पार्टी बनी, पर प्रधान बनाने में भाजपा ने पटखनी दे दी। कांग्रेस 10 प्रधान बना पाई, जबकि भाजपा ने तीन पंचायत समितियों में बहुमत होने के बावजूद छह प्रधान बना दिए। भाजपा ने कोटड़ी, खजूरी, रायपुर, सहाड़ा, बिजौलिया और आसींद पंचायत समितियों में प्रधान पद पर जीत दर्ज की। कोटड़ी से कन्हैया लाल जाट, खजूरी से आशा देवी, रायपुर से केसर देवी जाट, सहाड़ा से रतन कंवर, बिजौलिया से शिवराज सोयल और आसींद से मनसुख सिंह गुर्जर प्रधान निर्वाचित हुए। कांग्रेस ने सुवाणा, बनेड़ा, हुरड़ा, मांडल, मांडलगढ़, करेड़ा, शंभूगढ़, जहाजपुर, फूलियाकलां और शाहपुरा पंचायत समितियों में जीत दर्ज की। सुवाणा से रेखा जाट, बनेड़ा से भंवर लाल भील, हुरड़ा से जगदीश जाट, मांडल से पूरण कंवर, मांडलगढ़ से गणेश लाल, करेड़ा से बाली देवी, शंभूगढ़ से सुशीला देवी नायक, जहाजपुर से सीता देवी, फूलियाकलां से कमला देवी रैगर और शाहपुरा से पुष्पा लढ़ा प्रधान निर्वाचित हुईं।

रायपुरः प्रधान के बाद अब उप प्रधान पर सबकी निगाहें

प्रधान चुनाव में मात खाई कांग्रेस ने रायपुर पंचायत समिति में उप प्रधान पद के लिए अनिता पारीक को मैदान में उतारा है। वहां भाजपा ने मुकेश कुमावत को मैदान में उतारा है। अब देखना ये है कि क्या भाजपा प्रधान की तरह ही आज उप प्रधान में भी यहां कोई खेला कर सकती है। 15 सदस्यीय रायपुर पंचायत समिति में भाजपा 6, कांग्रेस 8 और एक निर्दलीय सदस्य है।

सहाड़ाः भाजपा-कांग्रेस में कड़ा मुकाबला

सहाड़ा पंचायत समिति के उप प्रधान के लिए भाजपा से भैरूलाल गाडरी तथा कांग्रेस से कमला देवी बहेड़िया ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। 19 सदस्यीय पंचायत समिति में भाजपा 10 और कांग्रेस के पास 9 सीट है। कल भाजपा का प्रधान बना था।

आसींदः भाजपा-कांग्रेस मैदान में

आसींद में उप प्रधान चुनाव में नौ सीटों के साथ बहुमत में भाजपा ने मेघा राठौड़ को टिकट दिया है। कांग्रेस से कंचन कुमावत ने फार्म भरा है। यहां कुल 15 सीटों में से कांग्रेस महज 4 सीटों पर जीती थी, जबकि दो सीटें निर्दलियों के पास है। इस लिहाज से भाजपा का उप प्रधान बनना तय है।

हुरड़ाः भाजपा-कांग्रेस मैदान में

सत्रह सीटों वाली हुरड़ा पंचायत समिति में कांग्रेस के पास 10 सीटे हैं। यहां भाजपा को 4, आरएलपी को 1 व निर्दलीय की 2 सीट है। कांग्रेस ने कृष्णा देवी वैष्णव को प्रत्याशी बनाया है, जबकि भाजपा ने अनिता मेवाड़ा को उम्मीदवार बनाया है। यहां भी मुकाबला दिलचस्प है। ।

मांडलगढ़: कांग्रेस का सूरज चमकेगा

मांडलगढ़ की 21 सीटों में से 12 कांग्रेस जीतकर बहुमत में है। यहां भाजपा 8 और निर्दलीय एक सदस्य है। यहां उप प्रधान पद पर कॉंग्रेस के सूरजमल गुर्जर ने नामांकन भरा। बीजेपी से रामपाल धाकड़ ने नामांकन पत्र दाखिल किया। धाकड़ पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैया लाल धाकड़ के करीबी बताए जाते हैं। बहुमत के आधार पर कांग्रेस के सूरज की जीत मानी जा रही है।

बनेड़ाः कांग्रेस के मेवा को मिलेगा मेवा

पंद्रह सदस्यीय बनेड़ा पंचायत समिति में उप प्रधान पद हेतु कुल 2 नामांकन दाखिल हुए हैं। कांग्रेस से मेवाराम गुर्जर ने तथा भाजपा से गीतादेवी जाट चुनाव में उतरे हैं। यहां कांग्रेस के पास 12 और भाजपा के पास महज 5 सीटें हैं। इस लिहाज से कांग्रेस के जीत का सेहरा बंधने की संभावना है।

करेड़ाः कांग्रेस बहुमत में, जीत तय

करेड़ा पंचायत समिति की 17 सीटों में से12 सीटों के साथ कांग्रेस बहुमत में हैं। कांग्रेस से अनुराधा सोनी व भाजपा से दयाल सिंह चुंडावत चुनाव लड़ रहे। यहां भाजपा के पास महज पांच सीट है, ऐसे में जीत तो कांग्रेस की ही लगती है।

मांडलः कांग्रेस के महेंद्र की विजय तय

21 सदस्यीय मांडल पंचायत समिति में उपप्रधान के लिए कांग्रेस ने महेंद्र मेघवंशी को चुनाव में उतारा है। वहीं भाजपा से रतन लाल खटीक ने नामांकन पेश किया। यहां कांग्रेस 15 सीटों के साथ बहुमत में हैं, जबकि भाजपा के पास छह सीट है।

फूलियाकलांः कांग्रेस बहुमत में

फूलियाकलां पंचायत समिति उपप्रधान पद के लिए कांग्रेस से लीला सुखपाल गुर्जर ने नामांकन दाखिल किया है। भाजपा ने अभिषेक कलाल को उतारा। वहां 15 सीटों में से भाजपा 4, कांग्रेस 10 और आरएलपी के पास एक सीट है।

WORTHYTECH SOLUTIONS
TURN YOUR IDEAS INTO DIGITAL REALITY
Build. Innovate. Grow.
Technology That Moves You Forward.
OUR SERVICES
Website Development
Mobile App Development
Software Development
Digital Marketing
INTERNSHIP & TRAINING PROGRAMS for Beginners
G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara.
Phone: 9982376430
Email: info@worthytechsolutions.com
Website: www.worthytechsolutions.com

सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा
नियमित परामर्श सेवाएं
आपके शहर भीलवाड़ा में

डॉ. राहुल नाहर
ENT & Head Neck Surgery MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist
डॉ. सुश्रुत कालरा
Plastic, Hand & Cosmetic Surgeon MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Chelmsford, UK). Fellowship in Cosmetic Surgery (Cadogan Clinic, UK). Ex faculty SMS hospital jaipur.
डॉ. अलग आर्य खोराण
Medical Gastroenterologist MBBS, MD (General Medicine), Dr. NB (Medical Gastroenterology)
समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
स्थानः- नाहर स्वचायर सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को
Book An Appointment : 94622 39072, 9784024973
RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S
CKSHospitals CKSHospitals www.ckshospitals.com
CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur

राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Value
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

Rideloo
Safar ho ya ambulance, sab ek app se
भीलवाड़ा की अपनी Ride Booking App
शहर में कहीं जाना हो, ट्रैफिक से परेशान या घर पे गाड़ी नहीं तो
आज अभी BOOK करें!
DRIVERS / RIDERS के लिए
कमाई का सुनहरा अवसर
0% COMMISSION
AUTO BIKE CAB AMBULANCE
24x7 Support
BOOKING, SUPPORT & RIDER REGISTRATION
96943 97383 | 92166 69115

DR. APURVA'S COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं

डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD) (BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ

समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा

डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोतम दर्द रहित उपचार

Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज
• फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना
• इम्प्लान्ट • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

कलश यात्रा के साथ श्रम कल्याण केंद्र में श्रीमद्भागवत कथा शुरू

पहले दिन भागवत महात्म्य का वर्णन

सात दिनों तक बहेगी भक्ति की रसधारा





भीलवाड़ा। शहर के पांसल चौराहा के समीप स्थित श्रम कल्याण केंद्र में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच निकाली गई कलश यात्रा लेबर कॉलोनी स्थित संकट मोचन बालाजी मंदिर से शुरू हुई। बैंड-बाजों की मधुर स्वर लहरियों और जयकारों के साथ निकली यह यात्रा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। यात्रा में पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पूरे माहौल को धर्ममय बना दिया। कथा के पहले दिन भजन गायक एवं कथा प्रवक्ता घनश्याम वैष्णव महाराज ने अपने श्रीमुख से भागवत महात्म्य का विस्तार से वर्णन किया। प्रवचन के दौरान महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से जीवन के समस्त कष्टों का निवारण होता है और व्यक्ति को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने जीवन में सत्संग और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भागवत कथा मनुष्य को मोह-माया के बंधनों से मुक्त कर आत्मिक शांति प्रदान करती है। कथा के मध्य प्रस्तुत किए गए मधुर भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और पूरा पांडाल भक्ति की रसधारा में डूब गया। पदाधिकारियों ने बताया कि यह ज्ञान गंगा आगामी 4 दिसंबर तक निरंतर प्रवाहित होगी। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। कथा के पहले दिन से ही क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने शहर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं, माताओं-बहनों, वरिष्ठजनों एवं युवाओं से इस सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में सपरिवार पधारकर धर्मलाभ उठाने और कथा श्रवण करने की अपील की है।

खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े वंचित परिवारों को मिले उज्ज्वला गैस कनेक्शन

विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री से नीतिगत निर्णय लेने का किया आग्रह

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत सम्मिलित ऐसे परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन जारी कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखा है, जो पात्र होने के बावजूद अब तक उज्ज्वला गैस कनेक्शन से वंचित हैं।

विधायक कोठारी ने पत्र में बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत कुल 1 करोड़ 6 लाख 87 हजार 62 परिवार सम्मिलित हैं, जिनमें से 73.8 लाख परिवारों को गैस कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 1 लाख 35 हजार 391 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन जारी करने का निर्धारित लक्ष्य पूर्ण होने के कारण नवीन कनेक्शन फिलहाल स्थगित हैं।

विधायक कोठारी ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े अनेक गरीब परिवार आज भी उज्ज्वला गैस कनेक्शन से वंचित हैं। गैस कनेक्शन उपलब्ध नहीं होने के कारण इन परिवारों को खाना बनाने के लिए महंगी दरों पर गैस की व्यवस्था करनी पड़ती है अथवा अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना आवश्यक है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन से वंचित पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिलने से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी तथा घरेलू जीवन अधिक सुविधाजनक बन सकेगा। विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से आग्रह किया कि राज्य स्तर पर इस संबंध में नीतिगत निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े उज्ज्वला गैस कनेक्शन से वंचित पात्र परिवारों को नवीन गैस कनेक्शन जारी कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रदेश के गरीब परिवारों को राहत मिल सके।

परिवारों को संस्कारित करने में संतों की प्रेरणा आवश्यक: तिवारी



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

विश्व हिंदू परिषद धर्माचार्य आयाम की बैठक मालासेरी डूंगरी भगवान देव नारायण जी प्राकट्य स्थली पर हुई जिसमें महामंडलेश्वर रामनरेश राम जी महाराज,महामंडलेश्वर सीताराम जी, मालासेरी डूंगरी मंदिर के पुजारी हेमराज पोसवाल, केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी, क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार, प्रांत संगठन मंत्री नितिन, प्रांत मंत्री कौशल गौड़ मंचासीन थे।

विभाग मंत्री विजय ओझा ने बताया कि प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख नरेंद्र भगत ने आचार पद्धति करवाई। अशोक तिवारी ने सभी संतों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों में बढ़ रही नशाखोरी, जनसंख्या असंतुलन, परिवार विखंडन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परिवारों को संस्कारित करने में संतों की प्रेरणा आवश्यक है।

नृसिंह गिरी जी महाराज कुशलगढ़ बांसवाड़ा, रामदास जी महाराज लटूरी गौ शाला कोटा, नारायणदास जी महाराज उदयपुर,संत दयाराम जी महाराज, पावन दास जी महाराज, राम कृष्णदास जी महाराज पाटन, रामावतार जी शास्त्री, महामंडलेश्वर राम नरेश दास जी महाराज, दशरथ दास जी महाराज, महामंडलेश्वर सीताराम जी महाराज ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए आश्रम छोड़ कर समाज जागृत करने पर जोर दिया। क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद ने संगठन के द्वारा राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री से मिलकर पूर्व में संगठन के द्वारा कड़े कानून का प्रस्ताव देकर उस कानून को पास कराने के बारे में बताया।

प्रांत मंत्री कौशल ने देश भर में चल रहे हित चिंतक अभियान की जानकारी दी। वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता घर घर जाकर नवीन सदस्य बनाने का कार्य कर रहे हैं। यह अभियान 6 दिसंबर तक चलेगा। सह प्रांत मंत्री सुंदर कटारिया ने बताया कि दो दो विभागों पर मार्गदर्शक मंडल की बैठकें करें। कार्यक्रम में सह प्रांत मंत्री किशन गुर्जर, अजमेर विभाग संगठन मंत्री बनवारी लाल जोशी, सह प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख बसंत लाल चौबीसा एवं मुकेश जोशी, भीलवाड़ा विभाग मंत्री विजय ओझा, आसींद जिला मंत्री अभिषेक सर्वा, सह जिला मंत्री मुकेश तंवर, डॉ भवानी शंकर शर्मा सहित कई जिलों के धर्माचार्य संपर्क प्रमुख उपस्थित रहे।

विधानसभा अध्यक्ष आज आएंगे

भीलवाड़ा। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज एक दिवसीय भीलवाड़ा दौरे पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी अजमेर से प्रस्थान कर दोपहर बाद भीलवाड़ा पहुंचेंगे। वे यहां भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली के यहां आयोजित विवाह समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद अजमेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

खुद का बाल विवाह रुकवाने वाली बहादुर बेटियों का सम्मान



अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह विरोधी दिवस मनाया

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह विरोधी दिवस पर नागरिक समाज संगठन नवाचार संस्थान ने जिले में 500 से अधिक जागरूकता और शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए। बाल विवाह के खिलाफ एकजुटता दिखाई और इस अपराध को समाप्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अपना बाल विवाह रुकवाने वाली बहादुर बेटियों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में बाल अधिकारिता विभाग से सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार व संरक्षण अधिकारी अनुराधा तन्बोलिया महिला एवं बाल विकास विभाग से घनश्याम कुमावत, राजीविका समूह की दीदी व एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन से हेमंत सिसोदिया, नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के सीआरए, नवाचार संस्थान जिला समन्वयक जितेन्द्र सिंह तोमर व उनकी टीम ने हिस्सा लिया।

इस दौरान जिले में अलग अलग जगहों पर निकाले गए कैंडल मार्च में बाल विवाह से प्रभावित महिलाओं, बच्चों, पुरुषों और समाज के विभिन्न वर्गों के 5000 लोगों ने हिस्सा लिया। लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। नवाचार संस्थान के सचिव अरुण कुमावत, जेआरसी के राष्ट्रीय समन्वयक रवि कांत ने भी विचार व्यक्त किए।

अक्षय सेवा संस्था ने ओम शांति वृद्धा आश्रम में लगाया मेडिकल हेल्थ चेकअप शिविर



भीलवाड़ा। अक्षय सेवा संस्था के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में ओम शांति वृद्धा आश्रम में निवासरत वृद्ध जनों का मेडिकल हेल्थ चेकअप प्रतिमाह तीसरे शुक्रवार को करने का संकल्प लिया गया था। इसी कड़ी में वृद्धाआश्रम में आठवां कैंप आयोजित किया गया। संस्था के फाउंडर एवं अध्यक्ष पवन नागौरी ने बताया कि वृद्ध जनों का मेडिकल चेकअप एवं जांच ाकर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में डॉ. ऋषि टेलर ने परामर्श दिया। मुख्य संरक्षक चंद्र देव आर्य ने बताया कि वर्तमान में वृद्धा आश्रम में कुल 38 वृद्धजन रहते है जिनका हर माह संस्था परिवार द्वारा हेल्थ चेकअप किया जाता हैं ।

महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा लीला शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले पांच वर्षों में कई जन हितार्थ कार्य किए गए जिसके अंतर्गत प्रति वर्ष फरवरी माह में विशाल नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाए गए एवं करीब 800 रोगियों के मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन कराए गये। प्रचंड गर्मी में माह अप्रैल से जुलाई तक महात्मा गांधी हॉस्पिटल में कतार में खड़े मरीजों एवं उनके परिजनों को लौटे- गिलास से घूम घूम कर पानी पिलाया गया।

जन्म- जात विकृत 80 बच्चों को निशुल्क क्लब फुट शू उपलब्ध कराए गए। इस कैंप में भीलवाड़ा सोशल क्रु की फाउंडर विनीता गर्ग ने निरीक्षण कर संस्था के कार्यो की सरहाना की। कैंप में संस्था के सचिव सुनील व्यास, महिला उपाध्यक्ष अनीता चौधरी, कार्यालय प्रभारी निलेश शर्मा, ओम शांति वृद्धा आश्रम के राम स्वरूप डाड एवं स्टाफ का सहयोग रहा।

ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर दिनेश सिंह सहित कई प्रतिभाएं सम्मानित



लोकजीवन न्यूज सर्विस, जयपुर

राजस्थान जाट समाज संस्था, जयपुर जाट ऑफिसर्स सोशल फोरम के रिटायर्ड आईएएस वी.पी. सिंह की अध्यक्षता में जेओएसई आयोजन समिति के सदस्यों राजेंद्र खींचड़, संजय राजपाल व ईश्वर सिंह बुरड़क के द्वारा मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्रोग्राम में सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर द्वितीय, विद्याधर नगर, जयपुर में वरिष्ठ ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को जाट ऑफिसर्स सोशल फोरम द्वारा मोमेंटो देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रोग्राम में जेओएसएफ समिति द्वारा खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर धर्मवीर चौधरी, दुष्यंत सिंह जाखड़, आकांक्षा चौधरी, सौम्या चौधरी, पत्रकार रामेश्वर लाल जाट एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर जितेंद्र सिंह ज्ञानी, डॉ बनवारी लाल, डॉ अभिजीत सिंह, डॉ भारत सारण, डॉ सुष्मिता चौधरी, डॉ सुरेंद्र गोदारा, डॉ सुनंदा कटेवा, डॉ सोनू लांबा, विवेक चौधरी, भूरेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया।

रतनपुरा में क्लीनिक संचालक पर एफआईआर दर्ज दवाइयां, इंजेक्शन एवं चिकित्सा उपकरण जब्त

झोलाछाप के विरुद्ध चिकित्सा विभाग की बड़ी कार्रवाई

15 दिनों तक जिलेभर में चलेगा विशेष अभियान



भीलवाड़ा। जिले में अवैध रूप से संचालित नीम-हकीमों, झोलाछाप चिकित्सकों एवं अपंजीकृत क्लीनिकों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रभावी कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार जिलेभर में आगामी 15 दिनों तक विशेष अभियान चलाकर बिना वैध पंजीकरण एवं निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के मरीजों का उपचार करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। चिकित्सा विभाग की टीम ने आसींद ब्लॉक के तीन गांवों मोड का निम्बाहेड़ा, लाछोड़ा एवं रतनपुरा में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मोड का निम्बाहेड़ा एवं लाछोड़ा में संबंधित क्लीनिक बंद पाए गए। वहीं रतनपुरा में संचालित क्लीनिक की जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई। जांच में क्लीनिक संचालक गोपाल दिव्य के पास चिकित्सा व्यवसाय संचालन का कोई वैध लाइसेंस अथवा चिकित्सकीय डिग्री नहीं मिली। इसके अलावा उपचार से संबंधित बिल एवं वाउचर भी उपलब्ध नहीं पाए गए। इस पर चिकित्सा विभाग की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए संबंधित क्लीनिक संचालक के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। साथ ही क्लीनिक से दवाइयां, इंजेक्शन एवं चिकित्सा उपकरण जब्त किए गए। कार्रवाई के दौरान बीसीएमओ डॉ. प्रीतम चन्द्र गुप्ता, डॉ. हर्षित प्रजापत एवं औषधि नियंत्रण अधिकारी मनीष कुमार मीणा मौजूद रहे।

फिल्म अभिनेता जावेद हैदर का मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर किया स्वागत



भीलवाड़ा। दरगाह दीवान सलीम बाबा कौमी एकता कमेटी भीलवाड़ा की ओर से फिल्म अभिनेता जनाब जावेद हैदर का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों व सदस्यों ने उन्हें मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। आयोजन में प्रदेशाध्यक्ष मेवाफरोश, जहीरूद्दीन, प्रदेशाध्यक्ष छितरमल गेगट, राष्ट्रीय कवि रामनिवास रोनीराज सहित हबीब शेख, रशीद, चांद मोहम्मद नीलगर प्रधानाध्यापक और मोहम्मद अली शेख मौजूद रहे। सम्मान और आत्मीय स्वागत से अभिभूत अभिनेता जावेद हैदर ने कौमी एकता कमेटी के प्रयासों और सौहार्द की सराहना की। अंत में निवेदक सलीम बाबा ने सभी उपस्थितजनों व अतिथियों का आभार जताया।

आईसीयू में भर्ती पत्नी से बिछड़ने के डर ने तोड़ा 89 वर्षीय बुजुर्ग का हौसला, जहर खाकर दी जान

भीलवाड़ा। उम्र के आखिरी पड़ाव पर भी एक-दूसरे का संबल बने बुजुर्ग दंपती के गहराते भावनात्मक जुड़ाव की एक बेहद मार्मिक घटना सुभाषनगर थाना क्षेत्र में सामने आई है। प%ी की तबीयत बिगड़ने और उसके अस्पताल के आईसीयू में भर्ती होने के बाद 89 वर्षीय बुजुर्ग को जीवनसाथी से हमेशा के लिए बिछड़ जाने का डर इस कदर सताने लगा कि उन्होंने मानसिक पीड़ा के चलते जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके। सुभाषनगर थाने के एएसआई रतनलाल अटारिया ने परिजनों से मिली जानकारी के हवाले से बताया कि बुजुर्ग दंपती साथ रह रहे थे, जबकि उनका बेटा दूसरे शहर में नौकरी करता है। पति-पत्नी के बीच गहरा लगाव था। कुछ समय पहले बुजुर्ग महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिस पर पति और बेटे ने उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें आईसीयू में रखा गया। शुक्रवार को बुजुर्ग पति और बेटा अस्पताल से घर पहुंचे। अस्पताल के आईसीयू में जीवन से संघर्ष कर रही पत्नी के दूर होने और उनके बिना अकेले रह जाने की आशंका बुजुर्ग को भीतर ही भीतर तोड़ रही थी। इसी गहरी मानसिक पीड़ा के बीच बुजुर्ग ने जहरीली वस्तु खा ली और स्वयं ही बेटे को इसकी सूचना दी। बेटा उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची, हालांकि बेटे ने पिता के शव का पोस्टमार्टम कराने और पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया, जिसके बाद शव बेटे को सौंप दिया गया। घटना का एक अन्य भावुक पहलू यह भी रहा कि बुजुर्ग दंपती ने मृत्युपरांत देहदान का संकल्प ले रखा था, लेकिन जहरीली वस्तु के सेवन से हुई मृत्यु के कारण देहदान संभव नहीं हो सका। एक ओर अस्पताल के आईसीयू में पत्नी जिंदगी के लिए जूझ रही थी और दूसरी ओर बिछड़ने की आशंका ने बुजुर्ग पति की जीवनलीला समाप्त कर दी। यह घटना बुजुर्गों के भावनात्मक संबल और अकेलेपन की संवेदनशीलता को गहराई से उजागर करती है।

गर्ल्स कॉलेज में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



एसएमएम राजकीय कन्या महाविद्यालय भीलवाड़ा में महिला प्रकोष्ठ एवं पूर्व छात्र परिषद के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। बीपी एवं शुगर की भी जांच की।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेश भदादा ने छात्राओं को नेत्रों को स्वस्थ रखने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने आंखों की नियमित जांच, संतुलित आहार, मोबाइल एवं कंप्यूटर का सीमित उपयोग, पर्याप्त रोशनी में पढ़ने तथा आंखों की स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। जीबीएच सिम्स हॉस्पिटल के सहयोग हुए शिविर में हास्पिटल के जनरल मैनेजर दीपक मोदी ने भी विचार व्यक्त किए।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा राव ने कहा कि आंखें हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं। वर्तमान समय में मोबाइल एवं डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण नेत्र संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। ऐसे में समय समय पर नेत्र परीक्षण करवाना एवं आंखों की उचित देखभाल करना अत्यंत आवश्यक है। पूर्व छात्रा परिषद की अध्यक्ष डॉ. उषा अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। संचालन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ ज्योति सचान ने किया। पूर्व छात्रा परिषद की सदस्य सारिका काबरा, डॉ अंजली अग्रवाल महाविद्यालय की वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ सीमा गौड़, सुधा नवल, डॉ शोभा गौतम, प्रगति पांडे एवं महिला प्रकोष्ठ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को वायुसेना में कैरियर के बारे में किया जागरूक



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पांच नम्बर वायुसैनिक चयन केंद्र, जोधपुर के कमान अधिकारी के निर्देश के अंतर्गत कैरियर जागरूकता एवं भारतीय वायुसेना की भर्ती प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र मार्ग में हुए कार्यक्रम में 5 राज इंडिपेंडेंट कंपनी एनसीसी में वायुसेना चयन केंद्र से आये अधिकारी सार्जेंट किशोर कुमार, सार्जेंट अरविंद कुमार राय और सार्जेंट एन ए भट्ट ने भारतीय वायुसेना की भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी। शैक्षणिक योग्यता मानदंड, परीक्षा पैटर्न एवं चयन प्रक्रिया बताई गई। विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना में अग्निवीर एवं अधिकारी पदों पर भर्ती की जानकारी भी दी गई। भारतीय वायुसेना अग्निवीर पदों पर भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा 21 वर्ष से बढ़ाकर 22 वर्ष कर दी गई है। 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी, जिनके अंग्रेजी विषय में भी न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक हों, भर्ती पोर्टल (https://iafrecruitment.edcil.co.in/) पर आवेदन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में लगभग 550 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उनके प्रश्नों का समाधान भी किया गया। एनसीसी ए, बी एवं सी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर विद्यार्थियों को वायुसेना भर्ती प्रक्रिया में अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों में भारतीय वायुसेना में करियर बनाने के प्रति उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली। विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के पालन, विद्यार्थी जीवन के दायित्वों तथा माता-पिता, शिक्षकों एवं देश-समाज के प्रति जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए भी प्रेरित किया गया। प्रश्नोत्तरी के दौरान सही उत्तर देने वाले कैडेट्स को पुरुस्कृत किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्पलेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

यश सत्ता पक्ष को मिले या विपक्ष को इसकी परवाह किये बिना महिला आरक्षण विधेयक पारित किया जाय। ताकि महिला आरक्षण लागू हो सके।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक
लोकजीवन

संसद का सत्र 30 से

संसद के मानसून सत्र का सत्रावसान अब तक नहीं करने के पीछे विशेष बैठक बुलाने की संभावना थी। अन्यथा अब तक तो शीतकालीन सत्र आरंभ हो जाना चाहिए था। हालांकि यह सरकार पर निर्भर करता हे कि कब सत्रावमान करें अथवा विशेष बैठक बुलाने के लिए उसी सत्र को जारी रखे। वैसे भी संसद के कामकाज को लेकर संशय ही बना रहता है क्योंकि विपक्ष के रवैये के चलते सत्र का अधिकांश समय या पूरे के पूरे सत्र ही हंगामों की भेंट चढ़ जाते हैं। विपक्ष नहीं चाहता कि संसद की बैठक सुचारू चले। विपक्ष एक ओर आरोप लगाता है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता परन्तु संसद में चर्चा से भागकर खुद ही हंगामा बाजी कर समय और धन की बर्बादी करते है जिन मुद्दों पर सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए उनके लिए विपक्ष तैयार ही नहीं रहता। हंगामे और बहिर्गमन के लिए कोई न कोई मुद्दा उठा लिया जाता है। महिला आरक्षण को 2029 के आम चुनाव से पूर्व लागू करने के लिए परिसीमन जरूरी है क्योंकि संसद में पारित नारी वंदन अधिनियम परिसीमन के बाद लागू होना है। वहीं परिसीमन और जनगणना का आपसी संबंध है। जनगणना का काम जारी है जो 2027 में पूरा हो जाएगा और इसी आधार पर लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होना है। ऐसे में सरकार के लिए महिला आरक्षण व परिसीमन संशोधन विधेयक पारित करवाना चुनौती भरा काम है।

अप्रैल में सरकार का संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में आवश्यक दो तिहाई बहुमत नहीं जुटा पाया था महिला आरक्षण को 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने और परिसीमन के जरिये संसद का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक बार फिर पहले करते हुए लोकसभा की बैठक 30 नवम्बर और राज्य सभा की बैठक 2 दिसम्बर से बुलाई है दोनों सदनों की बैठक तीन दिसम्बर तक चलेगी। परिसीमन बिल में राज्यों के प्रतिनिधित्व को 50 प्रतिशत के अनुपात में बढ़ाने की बात जोड़ी जा सकती है। इससे पहले मंत्री मंडल की बैठक में संशोधित बिल पर मुहर लगनी रही। डीएमके और एनसीपी (शरद पंवार) आनुपातिक बढोतरी को स्पष्ट रूप से बिल से जोड़ने की मांग कर रहे थे। ऐसे में सरकार को दोनों दलों के समर्थन की उम्मीद है अप्रैल में चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष की मांग पर कहा था कि सरकार विधेयक में ऐसा प्रावधान जोड़ने को तैयार है। जिससे लोकसभा की सीटों में 50 प्रतिशत वृद्धि सुनिश्चित हो। डीएमके इसे लिखित में चाहती थी। उस समय एनडीए को समर्थन में 298 मत मत मिले थे। अब लोकसभा में 360 का समर्थन जुटाना होगा। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजजू ने विपक्ष से बैठक में सार्थक चर्चा में भाग लेने का अनुरोध किया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष सकारात्मक रूख अपना कर महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने में सहयोग करें । महिला आरक्षण को राजनीति का शिकार न बनाये।

कड़वी घूंट -सूरज

समर्थन का लेन-देन और ...

राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता। मतदाता चाहे आम हो या खास उन्हें पता है कि उनके मत का कितना महत्व है और उन्हें कब किसको उठाना है और किसे गिराना है। यह भी अच्छे से पता रहता है तभी तो समय के साथ समर्थन भी बदल जाता है यहां केवल आज की बात की जाती है। कल का भरोसा नहीं कि कौन साथ रहे या कोन साथ छोड़ जाय।

विपरित इसके अपने विरोध को हराने के लिए उसके विरोधी से हाथ मिलाना समझदारी मानी जाती है क्योंकि दोनों का विरोध जिससे है। उसे पराजित करना है तो दोनों को एक साथ आने में कोई संकोच नहीं रहता। क्योंकि विरोधी तो हम भी है लेकिन तीसरे को मौका नहीं देना है तो साथ खड़े होना पड़ेगा। यह साथ चंद घंटों का ही होता है वोट दिया और गठबंधन समाप्त।

हां जिला प्रमुख के चुनाव के बाद दूसरे ही दिन उप जिला प्रमुखों के चुनाव में तस्वीर बदल गई। बीएपी ने सलूम्बर में जिला प्रमुख में कांग्रेस को साथ दिया तो उप जिला प्रमुख में कांग्रेस ने बीएपी को प्रतापगढ़ में बीएपी ने भाजपा का तो उप जिला प्रमुख में भाजपा ने बीएपी को साथ देकर उप जिला प्रमुख बनवार चुरू में कांग्रेस की क्रॉस वोटिंग से भाजपा जिला प्रमुख जीत गई। लेकिन उप जिला प्रमुख कांग्रेस का बना। अब यह आज जानो कि समर्थन का भी लेन-देन सफल रहा। जिला प्रमुख में जीतने वाले दल ने उप जिला प्रमुख में साथ देने वाली पार्टी को वोट देकर जिताय।

भक्तों के लिए चौकीदार भी बन जाते भगवान- संत दिग्विजयराम महाराज

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूम -धाम व हर्षोल्लास से मनाया

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा





भगवान सदैव भक्तों की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं, लेकिन भक्ति भी मीरा बाई और प्रहलाद जैसी होने चाहिए। समय आया तो सृष्टि के पालनहार राजा बलि के महल में चौकीदार भी बन गए। यह संसार सरोवर है और काल मगरमच्छ है। भगवान को दिमाग में नहीं दिल में विराजित करना चाहिए।

केकड़ी में कटारिया ग्रीन मे विजय वर्गीय परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा वाचन के चतुर्थ दिवस को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में संत दिग्विजय राम महाराज ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भक्त प्रहलाद ने जीवन में बहुत संकट सहन किए। हिरण्यकश्यप ने उन पर खूब अत्याचार किए, लेकिन प्रहलाद ने भगवान पर अटल विश्वास रखा। भगवान को भक्त की रक्षा के लिए खंभे से प्रकट होना पड़ा। भगवान तो आज भी कण-कण में हैं, लेकिन भक्त भी मीरा बाई और प्रहलाद जैसे होने चाहिए। राजा बलि के आग्रह पर भगवान उनके महल में चौकीदार बन गए थे। तब माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधकर भगवान को चौकीदारी से मुक्त करवाया था। भगवान की अनुभूति के लिए मंदिर की आवश्यकता होती है। हर कार्य को भगवान का मानकर उनके चरणों में समर्पित कर देना चाहिए। गजेन्द्र मोक्ष प्रसंग में संत दिग्विजय राम महाराज ने कहा कि संसार सरोवर और काल मगरमच्छ है। माया और काया का कभी अभिमान नहीं करना चाहिए। समुद्र मंथन प्रसंग में कहा कि मंथन से निकले विष का भगवान शिव ने पान किया था, इसलिए वे नीलकंठ कहलाए। रामायण जीना और भागवत मरना सिखाती है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग में संत ने कहा कि 5253 वर्ष पहले देवकी-वसुदेव के यहां भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था। उन्होंने कृष्ण जन्म से लेकर कंस के वध तक का प्रसंग सुनाया। इस श्री कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। श्रद्धालुओं ने कान्हा के जन्म पर एक-दूसरे को बधाइयां दी।

निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर 30 नवंबर को

शाहपुरा। जिला स्वास्थ्य अधता प्रशासनिक अनुमति एवं आर्थिक सहयोग से गोमाबाई नेत्रालय भीलवाड़ा एवं स्वर्गीय रामधन एवं स्वर्गीय प्रेम देवी काबरा की स्मृति में काबरा परिवार एवं भारत विकास परिषद शाहपुरा के सौजन्य से 30 नवंबर को जिला सेटेलाइट हॉस्पिटल के सामने दीनदयाल धर्मशाला में निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा ।

आयोजक भगत राम काबरा ने बताया कि शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच कर ऑपरेशन हेतु चिन्हित किए जाएंगे भारत विकास परिषद के अध्यक्ष पवन बांगड़ ने बताया कि शिविर के दौरान मरीजों को दवाइयां और पास की नजर के चश्मे भी निशुल्क वितरित किए जाएंगे। भारत विकास परिषद सचिव सत्यनारायण सेन ने बताया कि 12 से 15 दिसंबर तक जय भगवान एक्यूप्रेशर सर्विस मुंबई के तत्वाधान में एक एक्यूप्रेशर भी आयोजित होगा।

गौमाता के प्रति प्रेम की अनूठी मिसाल 'गौरी भजनामृत' से संदेश

गौ माता को मां के रूप में दिया सम्मान





लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भीलवाड़ा शहर में गौ सेवा और पारिवारिक संवेदनाओं की एक अनूठी मिसाल सामने आई है। आरसी व्यास कॉलोनी निवासी अधिवक्ता। अशोक गट्टाणी एवं उनके परिवार ने वर्ष 2016 से 2026 तक लगभग 10 वर्षों तक गौ माता का अपने घर में पालन-पोषण कर उन्हें परिवार के सदस्य के रूप में ही नहीं, बल्कि मां के रूप में सम्मान और स्नेह प्रदान किया। परिवार गौ माता को प्रेमपूर्वक 'गौरी' नाम से संबोधित करता था।गौरी ने हाल ही में अंतिम सांस ली। गौरी के निधन से गट्टाणी परिवार भावुक हो उठा। गौरी की अंतिम यात्रा निकाली। अंतिम संस्कार कोठारी नदी के तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। बारहवें दिन उनकी स्मृति में 'गौरी भजनामृत', सुंदर कांड पाठ एवं रामधुन का आयोजन किया गया। कार्य म में भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की ओर से कार्यालय प्रभारी बाबूलाल टाक एवं सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश सुथार सम्मिलित हुए। उपस्थित गौ भक्तों ने गौरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबू लाल टाक ने गौ सम्मान आव्हान अभियान के पत्रक पर अधिक से अधिक हस्ताक्षर करने का आह्वान किया। 17 दिसंबर को जयपुर पहुंचने की अपील की।

सूर्यास्त की सुनहरी आभा में दमकती रामस्नेही संप्रदाय की मुख्य पीठ



लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय की प्रमुख पीठ रामद्वारा सूर्यास्त के समय प्रकृति और आध्यात्मिकता के अद्भुत संगम का साक्षी बनती है।

शाहपुरा की पहचान केवल ऐतिहासिक विरासत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पावन धरा देश-दुनिया में अपनी विशिष्ट आध्यात्मिक पहचान भी रखती है। सायंकाल आसमान में बिखरी सुनहरी लालिमा और ढलते सूरज की किरणें जब मुख्य पीठ के भव्य गुंबदों, कलात्मक स्थापत्य और विशाल परिसर पर पड़ती हैं, तो पूरा वातावरण अलौकिक आभा से सराबोर हो उठता है। यह मनमोहक दृश्य शांति, श्रद्धा, सद्भाव और भक्ति का अनूठा संदेश देता है।

एक ओर अस्ताचल की ओर बढ़ता सूर्य दिन के समापन का बोध कराता है, वहीं दूसरी ओर यह पवित्र स्थल साधकों और श्रद्धालुओं को गहन आत्मिक सुकून का एहसास कराता है। सूर्यास्त की यह छटा मानो यह संदेश देती है कि समय और दिन बदलते रहते हैं, लेकिन आस्था, परंपरा और आध्यात्मिक विरासत की रोशनी सदैव अडिग और कायम रहती है।

राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में एडवोकेट दीपक ने बढ़ाया शाहपुरा का मान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



शाहपुरा। सूरत (गुजरात) में आयोजित 36वीं राष्ट्रीय स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप-2026 में शाहपुरा के एडवोकेट दीपक पारीक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मलेशिया में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में अपनी जगह पक्की कर ली है। राष्ट्रीय मंच पर इस खेल में शाहपुरा का प्रतिनिधित्व करने वाले वे पहले खिलाड़ी बने हैं। देशभर के जूनियर, सब-जूनियर, सीनियर, मास्टर और दिव्यांग वर्गों के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों की भागीदारी वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान टीम की ओर से भीलवाड़ा जिले के तीन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टीम मैनेजर चंद्रप्रकाश सोनी के नेतृत्व में मुकेश कुमावत, मोहम्मद अल्ताफ मुल्तानी और एडवोकेट दीपक पारीक ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में शानदार खेल दिखाते हुए भीलवाड़ा के मुकेश कुमावत ने 76 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद अल्ताफ मुल्तानी ने द्वितीय स्थान पर रहते हुए रजत पदक अपने नाम किया। जिम संचालक अंकित कसेरा ने बताया कि स्ट्रेंथ लिफ्टिंग की राष्ट्रीय स्पर्धा में शाहपुरा से भाग लेने वाले दीपक पारीक पहले प्रतिभागी हैं। एक अधिवक्ता के रूप में व्यस्त पेशेवर जीवन के बावजूद खेल के प्रति उनका समर्पण और अंतरराष्ट्रीय चयन ट्रायल तक पहुंचना क्षेत्र के युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा है। क्षेत्रवासियों की निगाहें मलेशिया में प्रस्तावित वर्ल्ड चैंपियनशिप पर टिकी हैं।

संविधान दिवस पर आइकन में मूट कोर्ट का आयोजन



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

संविधान दिवस के अवसर पर आइकन इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में क्लैट के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

आरएएस की तैयारी कर रहे छात्रों का भी इसमें सहयोग रहा। मुख्यरूप से देशना जैन, शिवम् पंवार, जीविका जैन, खुशी जाट, ध्वनि जैन, जिया पेशवानी, मितांशु तोलंबिया , गणेश सेन, अंशुल माहेश्वरी, गौतम श्रोत्रिय व प्रियल सेन ने भाग लिया। मूट कोर्ट के लिए एक काल्पनिक हत्या का मामला तैयार किया गया। विद्यार्थियों के दो गुटों ने अभियोजन और बचाव पक्ष बनकर अपनी दलीलें पेश कीं। सुनवाई के बाद विवेक मेघवंशी, रोशन धाकड़ और राजेंद्र सिंह की खंडपीठ ने अपना फैसला सुनाया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को न्यायालय की कार्यवाही और कानूनी तर्क-वितर्क का अनुभव मिला। कार्यक्रम का समन्वय सौरभ खंडेलवाल और विवेक मेघवंशी ने किया।

कार्यालय जिला परिषद भीलवाड़ा

Bid Invitation Notice

Bids for Civil work for Establishment of DMFT Office at Zila Parishad Campus (Estimated Bid Value – 16,34,000) are invited from interested bidders upto 04.12.2026 till : 05:00 PM . Others particulars of the bids may be visited on the portal **(http://sppp.rajasthan.gov.in and https://eproc.rajasthan.gov.in)** of the state.

NIB : ZBL2627A1067, UBN : ZBL2627WSOB02051

Raj.Samwad/C/26/13733 मुख्य कार्यकारी अधिकारी

हम भारत के लोग के माध्यम से सांसद अग्रवाल ने रेखांकित की राष्ट्रीय एकता

कन्या महाविद्यालय में 'संविधान गौरव दिवस' आयोजित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को 'संविधान गौरव दिवस' का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया।

समारोह में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा राव ने की, जबकि माणिक्यलाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.एल. जागेटिया विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का आरंभ छात्राओं की सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. संतोष कुमार सोरठा ने मुख्य अतिथि को उपरणा और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। संगीत विभाग के केशव व्यास व पूनम अटवाल के नेतृत्व में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रतिभा राव ने आयोजन की रूपरेखा रखते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। विचार व्यक्त करते हुए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा काजल आचार्य ने मूल कर्तव्यों के महत्व पर बात रखी। वहीं एम.एल.वी. राजकीय महाविद्यालय की छात्रा कोमल स्वामी ने संविधान के महत्व पर अपने विचार साझा किए। राजनीति विज्ञान की सह-आचार्य डॉ. शोभा गौतम ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर इसकी विशेषताओं का उल्लेख किया। मुख्य वक्ता सांसद दामोदर अग्रवाल ने संविधान गौरव दिवस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए हम भारत के लोग के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को रेखांकित किया। उन्होंने अतीत में संविधान की भावना को ठेस पहुंचाने के प्रयासों का जिक्र करते हुए लोकतंत्र को सशक्त करने वाले 73वें, 101वें (जीएसटी), 102वें और 103वें (ईडब्ल्यूएस) संवैधानिक संशोधनों का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम बताया। संबोधन के बाद छात्राओं के साथ प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित हुआ, जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। मंच संचालन डॉ. शोभा गौतम और सुखपाल सिंह राठौड़ ने किया, जबकि अंत में डॉ. संतोष कुमार सोरठा ने सभी का आभार जताया।

प्राथमिक विद्यार्थियों की विचित्र वेशभूषा स्पर्धा आयोजित

भीलवाड़ा। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भीलवाड़ा में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक एवं रचनात्मक वेशभूषाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों ने महापुरुषों, राष्ट्रीय प्रतीकों एवं विभिन्न सामाजिक संदेशों पर आधारित पात्रों के माध्यम से प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। प्राथमिक विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती राजश्री के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना था। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक / भूखण्ड प्रथम / 2026 / Mut No-5508 दिनांक :----

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा श्रीमती दीपमाल न्याती पत्नी श्री अंकूर न्याती, श्रीमती मंजू राठी पत्नी श्री सतीश राठी, श्रीमती कल्पना पत्नी श्री भगवती लाल चपलोत एव श्रीमती मधु राठी पत्नी श्री सत्यप्रकाश राठी को न्यास की योजना आजादनगर (सुन्दरम कॉम्पलेक्स) में भूखण्ड संख्या पीए-4, पीए-5, पीए 6 साईज 89X89=880.11 वर्गगज दिनांक 18.06.2025 को व्यावसायिक फ्री होल्ड पट्टा जारी किया गया है। उक्त भूखण्ड का उप-विभाजन हो जाने से नविन भूखण्ड संख्या पीए-4, पीए-5, पीए 6 साईज 237.34 वर्गगज है। इस कार्यालय को प्रस्तुत विक्रय चैनल अनुसार श्रीमती दीपमाल न्याती पत्नी श्री अंकूर न्याती, श्रीमती मंजू राठी पत्नी श्री सतीश राठी, श्रीमती कल्पना पत्नी श्री भगवती लाल चपलोत एव श्रीमती मधु राठी पत्नी श्री सत्यप्रकाश राठी जरिये मुआम श्री संजय बाहेती पुत्र श्री केदारमल बाहेती एव श्री सुरेश न्याती पुत्र श्री जगन्नाथ न्याती रजिस्टर्ड मुआम दिनांक 30.07.2026 से पँजीयन है इनके द्वारा श्रीमती कोमल बाबेल पत्नी श्री हर्षित कुमार बाबेल को विक्रय कर दिया गया एवं इनके द्वारा उक्त भूखण्ड पीए-4, पीए-5, पीए 6 साईज 237.34 वर्गगज के नामातंरण / पंजियन बाबत आवेदन पत्र कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी उजरदारी मय सबूत/ दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर निगम भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक / न.नि.भी./ राजस्व/2026-27/16587 दिनांकः-27/11/2026

आम सूचना

श्री रमेश चन्द्र शर्मा पिता श्री उंकार लाल शर्मा निवासी चौबे मौहल्ला पुर भीलवाडा, को प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत 69-क के तहत् नगर परिषद भीलवाड़ा द्वारा आवासीय भूखण्ड साईज (21'-9''+18'-3'')/2X36'-9'' = 735.00 वर्गफीट नपभी/PSKS-2021/रा.शा. / 6426 दिनांक 27.07.2022 को जारी किया गया था। श्री रमेश चन्द्र शर्मा पिता श्री उंकार लाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 29.09.2024 को हो जाने से उनकी वारिसान श्रीमती लीला देवी पत्नी स्व. श्री रमेश चन्द्र रेवाल, श्री लवीश रेवाल पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द्र रेवाल, श्रीमती महिमा कुमारी शर्मा, श्रीमती सोनू शर्मा, श्रीमती किरण रेवाल पुत्री स्व. श्री रमेश चन्द्र रेवाल उक्त सम्पूर्ण भूखण्ड पर काबिज हुए। उक्त वारिसानों द्वारा जरिये पंजीकृत रिलीज डीड दिनांक 16.11.2026 को श्री लवीश रेवाल पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द्र रेवाल को उक्त भूखण्ड का सम्पूर्ण साईज 81.66 वर्गगज रिलीज डीड कर दिया। श्री लवीश रेवाल पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द्र रेवाल ने निगम में ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथ पत्र, पूर्व पट्टे की प्रति एवं पंजीकृत रिलीज डीड की फोटोप्रति अपलोड कर उपरोक्त भूखण्ड का नामान्तरण किये जाने हेतु निवेदन किया है। जिस पर स्वायत्त शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांकः प.8 (ग) (1) नियम/डी.एल.बी./20/39126 दिनांक 15/01/2020 अनुसार भूखण्ड का नामान्तरण किया जाना है। अतः समस्त खास आम को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर उपरोक्त भूखण्ड का श्री लवीश रेवाल पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द्र रेवाल के पक्ष में नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित प्रमाणित दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत करें। समय अवधि के बाद नामान्तरण की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

प्रभारी अधिकारी (राजस्व)
नगर निगम भीलवाड़ा

कार्यालय नगर निगम, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक/न.नि.भी./ राजस्व/2025-26/16583 दिनांक- 27/11/2026

आम सूचना

श्री शोभा लाल दीपलाल सुरिया फर्म को नगर विकास न्यास भीलवाड़ा द्वारा फैक्ट्री ऐरिया योजना भीलवाड़ा में स्थित आवासीय कम व्यावसायिक भूखण्ड सं. 36, क्षेत्रफल = 42'X30' =140.00 वर्गगज का निलामी द्वारा दिया गया। वर्तमान उक्त भूखण्ड का पूर्वी भाग साईज 21'X30' = 70.00 वर्गगज की वाणिज्यक कम आवासीय शास्वत लीज डीड नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्री सुनील सोनी पुत्र श्री छितरमल सोनी के नाम से जारी की गई, उक्त भूखण्ड मे से उपविभाजित भूखण्ड सं. 36 पार्ट साईज 10'6''X30'= 35.00 वर्गगज श्री सुनील सोनी पुत्र श्री छितरमल सोनी ने श्रीमती किरण सोनी पत्नी श्री बाबूलाल सोनी को पंजीकृत विक्रय किया गया। LSG/BHILWARA/MUT/2026-27/216769 से ऑनलाईन आवेदन किया गया। श्रीमती किरण सोनी पत्नी श्री बाबूलाल सोनी ने निगम् में ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथ-पत्र, पंजीकृत विक्रय-पत्र, उपविभाजन आदेश व पूर्व में जारी नामान्तरण आदेश, की फोटो प्रति अपलोड कर उपरोक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु निवेदन किया है। जिस पर स्वायत्त शासन विभाग की अधिसुचना क्रमांकः प.8 (ग) (1) नियम / डी.एल.बी./20/39126 दिनांक 15/01/2020 के अनुसार भुखण्ड का नामान्तरण किया जाना है। अतः समस्त खास आम को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत विक्रय-पत्र, के आधार पर श्रीमती किरण सोनी पत्नी श्री बाबूलाल सोनी के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित प्रमाणित दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत करें। समय अवधि के बाद नामान्तरण की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

प्रभारी अधिकारी (राजस्व)
नगर निगम, भीलवाड़ा

बाड़े में लगी आग, 15 ट्रॉली चारा जलकर हूआ राख

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



तहसील क्षेत्र के बेसकी - फतेहपुरा गांव में अज्ञात कारणों के चलते अम्बा लाल गुर्जर के बाड़े में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बाड़े में रखा करीब 15 ट्रॉली चारा जलकर खाक हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। सूचना पर पटवारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आग की सूचना पर शाहपुरा की फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, लेकिन वह खराब निकली। इसके बाद भीलवाड़ा से फायर ब्रिगेड मौके के लिए रवाना की गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने ट्रैक्टर, टैंकर और निजी साधनों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। नुकसान का आंकलन पटवारी द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि शाहपुरा की फायर ब्रिगेड को तुरंत ठीक करवाया जाए, ताकि आपात स्थिति में समय पर मदद मिल सके।

राज्य विशेष शाखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांक व-15 (16) पुविशा/भण्डार / स्टेशनरी/2026-27/604 दिनांक -25-11.2026

दर संविदा हेतु बोली आमंत्रण सूचना

विभिन्न वस्तुओं के प्रदाय (Supply) करने हेतु 01 वर्ष के लिए दरें अनुमोदित करने हेतु मोहरबन्द बोली आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 27.11. 2026 को प्रातः 11.00 बजे विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड की जाकर निर्धारित दस्तावेजों के साथ दिनांक 04.12.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक भौतिक रूप से इस कार्यालय में प्रस्तुत की जावेगी। प्राप्त बोलियां दिनांक 04.12.2026 को दोपहर 04.00 बजे खोली जानी प्रस्तावित है। बोलीदाता जिन आईटम्स के लिए लिए बोली प्रस्तुत करना चाहता है उसके लिए पुलिस विभाग की वैबसाईट से विभागीय बोली प्रपत्र यथा परिशिष्ट अ. ब. स. द को डाउनलोड कर सकेगा तथा विभागीय बोली शर्तों के अनुसार वांछित दस्तावेज के साथ पूर्ति करके बोली प्रपत्र एवं शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करके बोली प्रस्तुत की जावेगी। बोली की मुख्य शर्तें, विवरण किसी भी कार्य दिवस को निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा राजस्थान सरकार के राज्य लोक उपापन Procurement पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in) पर देखा जा सकता है।

वित्त (जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र संख्या प.6 (5) वित्त/सा.वि.ले. नि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ऑन लाइन प्रस्तुत की जाने वाली बोली हेतु निर्धारित बोली प्रपत्र शुल्क एवं बिड सिक्यूरिटी चालान से ऑनलाईन ई ग्रास सिस्टम के माध्यम से या डीडी के माध्यम से जमा करवाये जा सकते है। वित्त विभाग के आदेश दिनांक 09.07.2020 में ई ग्रास पोर्टल पर ऑन लाईन चालान से फीस जमा करवाए जाने की पूर्ण प्रक्रिया दी गई है।

क्र. स.	वस्तु का नाम	अनुमानित कीमत	निविदा शुल्क	बोली प्रतिभूति (रू. में)
1.	कार्यालय उपयोग संबंधी विभिन्न स्टेशनरी आईटम एवं विविध सामान	6,26,505/-	200/-	12,530/-

UBN IS CIR2627GSRC00010

(राजेन्द्र कुमार मीणा)
पुलिस अधीक्षक, आसूचना
राजस्थान, जयपुर।

DIPR/C/18674/2026

एक्सीडेंट कर खेतों के कच्चे रास्ते में फंसी स्विफ्ट कार, चालक फरार, 45 किलो 460 ग्राम डोडा-चूरा जब्त

भीलवाड़ा। गंगापुर में एक्सीडेंट के बाद पुलिस से बचने के लिए भाग रहे मादक पदार्थ तस्कर की चालाकी उसी पर भारी पड़ गई। खेतों के कच्चे रास्ते पर कार दौड़ाने के बाद आगे रास्ता बंद मिलने पर चालक वाहन छोड़कर पैदल ही फरार हो गया। पुलिस ने पीछे छूटी स्विफ्ट कार की तलाशी ली तो डिग्गी में छिपाकर रखे गए दो कट्टों से 45 किलो 460 ग्राम डोडा-चूरा बरामद हुआ। रायपुर पुलिस के अनुसार, गुरुवार शाम गंगापुर में एक्सीडेंट के बाद एक कार के तेजी से फरार होने की सूचना मिली थी। इस पर थाना प्रभारी राजेश तिवाड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार का पीछा शुरू किया।

पुलिस से बचने के प्रयास में कार नायकों का खेड़ा (केरपुरा) गांव से आगे खेतों के कच्चे रास्ते पर जा पहुंची। आगे रास्ता बंद होने के कारण चालक घबरा गया और कार वहीं छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस टीम ने लावारिस हालत में मिली स्विफ्ट कार की तलाशी ली तो उसकी डिग्गी में दो कट्टों के भीतर भरा 45 किलो 460 ग्राम डोडा-चूरा मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ और स्विफ्ट कार को जब्त कर अज्ञात/फरार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

अदालत में इंसाफ और अतीत के राज़ की जंग : ज़ी सिनेमा पर 29 को 'इक्का' का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर

**लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुं

राजसमंद की सियासत में कुमावत समाज की गुगली पंचायत समिति में बदला सत्ता का गणित

समाज ने निर्दलीय मैदान में उतारे थे प्रत्याशी, कांग्रेस के समर्थन से मंजू कुमावत बनीं प्रधान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, राजसमंद

जिले की पंचायती राज राजनीति में कुमावत समाज के एक सियासी कदम ने स्थानीय सत्ता के समीकरणों को पूरी तरह बदल दिया है।

मूल पाठ में दिए गए घटनाक्रम के अनुसार, नगर परिषद चुनाव में सभापति पद को लेकर उपजी नाराजगी के बाद कुमावत समाज ने पंचायती राज चुनाव में दोनों प्रमुख राष्ट्रीय दलों से दूरी बनाते हुए अपने निर्दलीय प्रत्याशी उतारे। इस रणनीति का सीधा असर राजसमंद पंचायत समिति के परिणामों पर पड़ा, जहां 25 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी को 12 और कांग्रेस को 11 सीटें मिलीं, जबकि सत्ता की चाबी कुमावत समाज के दो निर्दलीय सदस्यों के हाथ में आ गई।



क्यों उपजा सियासी असंतोष?

जानकारी के मुताबिक, इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि राजसमंद नगर परिषद चुनाव से जुड़ी है। नगर परिषद चुनाव में कुमावत समाज के सर्वाधिक 9 पार्षद जीतकर आए थे। इसके आधार पर समाज ने दोनों ही प्रमुख दलों के समक्ष कुमावत समाज से सभापति बनाने की मांग रखी थी। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी द्वारा अनीता पालीवाल को सभापति बनाए जाने के बाद से समाज में नाराजगी देखी जा रही थी। पारंपरिक रूप से भाजपा का मजबूत समर्थक वर्ग माने जाने वाले कुमावत समाज ने इसके बाद पंचायती राज चुनावों में स्वतंत्र रुख अपनाने का फैसला किया और निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में उतारे।

पंचायत समिति में ऐसे पलटी बाजी

25 सदस्यीय राजसमंद पंचायत समिति के चुनाव परिणामों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत (13 सीटें) नहीं मिल सका। भाजपा 12 सीटों पर सिमट गई और कांग्रेस के खाते में 11 सीटें आईं। ऐसे में दो निर्दलीय प्रत्याशियों की भूमिका निर्णायक हो गई। शु वार को हुए प्रधान पद के मुकाबले में कुमावत समाज की ओर से निर्दलीय प्रत्याशी मंजू कुमावत को उम्मीदवार बनाया गया। कांग्रेस के सभी 11 सदस्यों ने मंजू कुमावत के पक्ष में समर्थन दिया, जिसके चलते वे प्रधान की कुर्सी तक पहुंचने में सफल रहीं। इस घटना म को स्थानीय स्तर पर भाजपा के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है।

ओबीसी राजनीति और विधानसभा चुनावों पर नजर

स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों और दिए गए विवरण के अनुसार, मंजू कुमावत की इस जीत को केवल पंचायत समिति की सत्ता तक सीमित रखकर नहीं देखा जा रहा है, बल्कि इसे राजसमंद की व्यापक ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) राजनीति और आगामी विधानसभा चुनावों के संकेत के रूप में भी पढ़ा जा रहा है। राजसमंद विधानसभा क्षेत्र में ओबीसी मतदाताओं की निर्णायक भूमिका को देखते हुए, कांग्रेस द्वारा एक निर्दलीय कुमावत प्रत्याशी को समर्थन देकर प्रधान बनवाने के कदम के गहरे राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। इसके माध्यम से कांग्रेस ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि स्थानीय निकायों की राजनीति में केवल संख्याबल ही नहीं, बल्कि निर्दलीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक समीकरणों की भूमिका भी निर्णायक हो सकती है। हालांकि, पंचायत समिति में बना यह नया राजनीतिक समीकरण आगामी विधानसभा चुनावों में कितना प्रभावी साबित होगा, यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इस जीत ने जिले की सियासत में एक नई बहस जरूर छेड़ दी है।

राजसमंद में कांग्रेस का दबदबा, प्रमुख सहित 8 पंचायत समितियों में कांग्रेस समर्थित प्रधान, एक में भाजपा का

लोकजीवन न्यूज सर्विस, राजसमंद

पंचायती राज चुनाव में भाजपा का गढ़ कहे जाने वाले राजसमंद जिले में इस बार राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं। जिले में कांग्रेस ने जिला प्रमुख पद से लेकर पंचायत समितियों के प्रधान पदों तक अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराते हुए भाजपा को बड़ा झटका दिया है। जिले की 9 पंचायत समितियों में से 8 पर कांग्रेस समर्थित प्रधान निर्वाचित हुए हैं, जबकि भाजपा को केवल चारभुजा पंचायत समिति में सफलता मिली है। राजसमंद पंचायत समिति में कांग्रेस ने अपना आधिकारिक उम्मीदवार मैदान में उतारने के बजाय निर्दलीय उम्मीदवार मंजू कुमावत को समर्थन दिया था, जिसके चलते मंजू कुमावत प्रधान निर्वाचित हुईं। वहीं कुंभलगढ़ में सत्यनारायण बाहती, भीम में सपना कुमारी, देलवाड़ा में कृष्णा देवी, आमेट में गणेश कुंवर, खमनोर में कूक सिंह, रेलमगरा में शंभूलाल जाट और देवगढ़ में गीता गुर्जर प्रधान निर्वाचित हुए। इन सभी को कांग्रेस समर्थित बताया गया है। दूसरी ओर, भाजपा को जिले की एकमात्र चारभुजा पंचायत समिति में सफलता मिली, जहां गोपीलाल भील निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हुए। चारभुजा पंचायत समिति की प्रधान सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए आरक्षित थी और कांग्रेस की ओर से एसटी वर्ग का कोई उम्मीदवार निर्वाचित नहीं होने के चलते गोपीलाल भील निर्विरोध चुन लिए गए। इससे पहले जिला प्रमुख पद पर भी कांग्रेस की सुंदर देवी कीर ने भाजपा के मदन सिंह चौहान को पांच मतों से हराकर जीत दर्ज की थी और कांग्रेस ने करीब 12 साल बाद जिला प्रमुख पद पर कब्जा जमाया है।



नौ पंचायत समितियों के प्रधानों की सूची

राजसमंद में मंजू कुमावत (निर्दलीय, कांग्रेस समर्थित), कुंभलगढ़ में सत्यनारायण बाहती (कांग्रेस), भीम में सपना कुमारी (कांग्रेस), देलवाड़ा में कृष्णा देवी (कांग्रेस), आमेट में गणेश कुंवर (कांग्रेस), खमनोर में कूक सिंह (कांग्रेस), रेलमगरा में शंभूलाल जाट (कांग्रेस), देवगढ़ में गीता गुर्जर (कांग्रेस), चारभुजा में गोपीलाल भील (भाजपा) में प्रधान बने।

समीक्षा के घेरे में प्रदेश सरकार और स्थानीय नेतृत्व

जिला परिषद से लेकर पंचायत समितियों तक आए इन नतीजों ने जिले की राजनीति में नए समीकरण खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस की इस अप्रत्याशित सफलता से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है, वहीं भाजपा के सामने ग्रामीण क्षेत्रों में मिले इस जनादेश के कारणों की समीक्षा करने की चुनौती खड़ी हो गई है। राजनीतिक हलकों में प्रदेश की भाजपा सरकार के ढाई साल के कार्यकाल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी और ग्रामीण क्षेत्र के मुद्दों को चुनाव परिणामों से जोड़कर देखा जा रहा है। पंचायती राज चुनाव के इन नतीजों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच चुनाव परिणामों को लेकर मायूसी देखी जा रही है। राजसमंद जिले में आए ये नतीजे आने वाले समय में स्थानीय राजनीति की दिशा और दशा को प्रभावित कर सकते हैं।

राजस्थान के औद्योगिक विकास में भागीदारी निभाएंगे प्रवासी राजस्थानी

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर

राजस्थान सरकार अब प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए देश-विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों की विशेषज्ञता, अनुभव और निवेश का सहारा लेगी। इसके लिए 10 दिसंबर को जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में प्रवासी राजस्थानी दिवस के तहत इंडस्ट्रीज सेक्टोरल सेशन आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रवासी राजस्थानी, निवेशक और उद्योग जगत के प्रतिनिधि एक मंच पर जुटेंगे। सत्र में प्रदेश में निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक सुविधाओं, आधुनिक इंफ्रास्टक्चर और कारोबार शुरू करने की प्रक्रियाओं को आसान बनाने पर चर्चा होगी।

प्रवासी राजस्थानी दिवस के दौरान छह प्रमुख सेक्टोरल सेशन आयोजित किए जाएंगे। इनमें इंडस्ट्रीज सेशन के जरिए राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश की औद्योगिक नीतियों, निवेश प्रोत्साहन योजनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में विकसित हो रहे औद्योगिक अवसरों की जानकारी देगी। सरकार का प्रयास है कि प्रवासी राजस्थानियों के अंतरराष्ट्रीय संपर्क और उद्योग जगत के अनुभव का इस्तेमाल प्रदेश में नए निवेश, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने में किया जा सके।

19 विभागों की 190 मंजूरियां सिंगल विंडो पर

राज्य सरकार निवेशकों के लिए सरकारी प्रि याएं आसान बनाने पर भी काम कर रही है। राज निवेश सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए फिलहाल 19 विभागों की 190 तरह की मंजूरियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 और अलग-अलग क्षेत्रों के लिए बनाई गई विशेष नीतियों के जरिए निवेशकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन के आयुक्त नीलाभ सक्सैना के अनुसार, प्रवासी राजस्थानियों के पास वैश्विक बाजारों का अनुभव और उद्योगों की गहरी समझ है। उनके अनुभव और नेटवर्क से प्रदेश में औद्योगिक विकास के नए रास्ते खुल सकते हैं। यह सत्र निवेश की संभावनाओं को पहचानने और दीर्घकालीन साझेदारी विकसित करने का अवसर बनेगा।



राजस्थान की लोकेशन और कनेक्टिविटी भी निवेश का आधार

औद्योगिक निवेश के लिए राजस्थान की भौगोलिक स्थिति और परिवहन नेटवर्क को भी बड़ी ताकत के रूप में पेश किया जाएगा। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का करीब 39 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान से होकर गुजरता है। इसके अलावा सड़क, रेल और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का विस्तार हो रहा है। इससे उद्योगों को बड़े बाजारों और सप्लाई चेन तक पहुंचने में सुविधा मिल सकती है।

8 से 10 दिसंबर तक होंगे कार्यक्रम

प्रवासी राजस्थानी दिवस 2026 का आयोजन 8 से 10 दिसंबर तक होगा। कार्य म की शुरुआत 8 दिसंबर को शेखावाटी हेरिटेज मीट से होगी। 9 दिसंबर को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सांस्कृतिक कार्य म आयोजित किया जाएगा। 10 दिसंबर को जेईसीसी में मुख्य समारोह और छह सेक्टोरल सेशन होंगे। राज्य सरकार का उद्देश्य दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में बसे राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि से जोड़ने के साथ प्रदेश के विकास में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। इन सत्रों के जरिए होने वाली चर्चा को निवेश, नई औद्योगिक परियोजनाओं, तकनीकी सहयोग और रोजगार के अवसरों में बदलने की कोशिश होगी।

निर्यात एक लाख करोड़ के करीब, एफडीआई में 178 प्रतिशत बढ़ोतरी

राज्य सरकार के मुताबिक, राजस्थान में औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2025-26 में प्रदेश की जीएसडीपी वृद्धि दर 10.24 प्रतिशत रही। इसी अवधि में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करीब 178 प्रतिशत बढ़कर 8,812 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। प्रदेश का निर्यात भी 99,788 करोड़ रुपए रहा, जो एक लाख करोड़ रुपए के करीब है। औद्योगिक ढांचे की बात करें तो रिको का नेटवर्क प्रदेश में 474 औद्योगिक क्षेत्रों तक फैला हुआ है। ये क्षेत्र करीब एक लाख एकड़ में विकसित हैं और इनमें 47 हजार से अधिक औद्योगिक इकाइयां काम कर रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल, डिफेंस और एयरोस्पेस, मेडिकल डिवाइसेज, सिरेमिक्स, पेट्रोकेमिकल्स और एग्रो-प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में भी विशेष औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार किए जा रहे हैं।

नए परिसीमन- महिला आरक्षण से बदलेगा पूरा संसदीय ढांचा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने च्संविधान (132वां संशोधन) विधेयक, 2026च्च को मंजूरी दे दी है। इसके तहत संसदीय और विधानसभा सीटों का काफी विस्तार किया जाएगा, साथ ही संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान भी शामिल किया गया है। सरकारी बयानों के अनुसार, यह कदम अगले हफ्ते होने वाले संसद के विशेष सत्रों से ठीक पहले उठाया गया है; लोकसभा की बैठक 30 नवंबर को और राज्यसभा की बैठक 2 दिसंबर को फिर से शुरू होगी।

यह नया विधेयक संविधान के अनुच्छेद 334ए में संशोधन करना चाहता है, ताकि लोकसभा और विधानसभाओं में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लिए आवंटित सीटों की संख्या को उनकी मौजूदा संख्या से 50% तक बढ़ाया जा सके। यह प्रावधान कुछ क्षेत्रीय दलों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है। विशेष रूप से, यह विधेयक लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या को बढ़ाकर 850 और विधानसभाओं की सदस्य संख्या को बढ़ाकर 650 कर देगा, जो उनकी वर्तमान क्षमता से अधिक है। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने परिसीमन विधेयक को अपना समर्थन देने की घोषणा की है, क्योंकि केंद्र सरकार ने निष्पक्ष परिसीमन प्रक्रिया की उनकी मांग को मान लिया है। प्रस्तावित कानून, अप्रैल में लोकसभा में खारिज हुए संविधान (131वां संशोधन) विधेयक से मुख्य रूप से परिसीमन, राज्यों के बीच सीटों के आवंटन और निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के लिए इस्तेमाल होने वाले जनगणना डेटा के मामले में अलग है।



इन दोनों प्रस्तावों के बीच मुख्य अंतर इस प्रकार हैं:

■ 132वें संशोधन विधेयक में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि इसमें लोकसभा और हर राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभाओं में सीटों की संख्या में एक समान 50 प्रतिशत की वृद्धि करने का प्रावधान है। नए विधेयक में लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव है, जिसमें राज्यों से 815 तक सदस्य और केंद्र शासित प्रदेशों से 35 सदस्य शामिल होंगे। इसके अलावा, इसमें राज्य विधानसभाओं की अधिकतम सदस्य संख्या की सीमा को भी 500 से बढ़ाकर 650 करने का प्रस्ताव है।

■ 1976 से, लोकसभा सीटों में हर राज्य का हिस्सा 1971 की जनगणना पर आधारित है। नए बिलों के तहत, किसी राज्य की सीटों की संख्या उसकी मौजूदा संख्या में 50 जोड़कर तय की जाएगी, जिससे 1971 का आधार बना रहेगा। नए आंकड़ों के आधार पर सीमाओं को फिर से तय किया जाएगा। हर राज्य के भीतर, लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की सीमाएं उस नवीनतम जनगणना के आधार पर तय होंगी, जो संशोधन लागू होने के दिन प्रकाशित हो चुकी होगी। मौजूदा सीमाएं 2001 की जनगणना पर आधारित हैं। अगर यह संशोधन आज लागू होता है, तो नया आधार 2011 की जनगणना होगी। इसके बाद, सीटों की संख्या और सीमाएं 2051 तक यथावत बनी रहेंगी। मौजूदा रोक 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के साथ खत्म होने वाली थी। अप्रैल में, इस संशोधन से यह रोक खत्म हो जाती।

■ बिलों में कहा गया है कि यह बढ़ोतरी महिलाओं के आरक्षण को तुरंत लागू करने के उद्देश्य से है। संसद ने 2023 में 106वें संविधान संशोधन के ज़रिए इस कोटे को मंजूरी दी, जिसे च्नारी शक्ति वंदन अधिनियमज के नाम से जाना जाता है। इस कानून के तहत, आरक्षण तभी लागू हो सकता था जब इसके बाद होने वाली पहली जनगणना के आधार पर परिसीमन पूरा हो जाए–और यह जनगणना अभी चल ही रही है। नए संशोधन में इस शर्त को हटा दिया गया है। अब 132वें संशोधन के बाद होने वाले पहले परिसीमन के पूरा होने पर आरक्षण लागू किया जा सकेगा।

■ केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त, सुप्रीम कोर्ट के किसी मौजूदा या सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता वाला तीन सदस्यीय आयोग नए निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण करेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त, या उनके द्वारा नामित कोई चुनाव आयुक्त, इस आयोग का एक सदस्य होगा। तीसरा सदस्य उस राज्य का राज्य चुनाव आयुक्त होगा जिसके लिए आयोग काम कर रहा है; हालांकि, मेघालय और नागालैंड में ऐसा नहीं होगा, क्योंकि वहां राज्यपाल किसी व्यक्ति को नामित करते हैं।

इस संशोधन के तहत लोकसभा की अधिकतम संख्या को बढ़ाकर 850 निर्वाचित सदस्य कर दिया गया है, जिसमें राज्यों से 815 और केंद्र शासित प्रदेशों से 35 सदस्य शामिल होंगे। अभी यह संख्या 550 है। विधानसभाओं में अब सीटों की अधिकतम संख्या 500 से बढ़ाकर 650 की जा सकती है। सीटों की वास्तविक संख्या 50% की वृद्धि पर निर्भर करेगी और इसे इन तय सीमाओं के भीतर ही रहना होगा। विधानसभा सीटों की बढ़ी हुई अधिकतम सीमा उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है, क्योंकि 50% की वृद्धि लागू होने पर वहां की 403 सीटों वाली विधानसभा, 500 की पुरानी सीमा को पार कर जाएगी। लोकसभा सीटों की अधिकतम सीमा अप्रैल के संशोधन के अनुसार ही रखी गई है, जिसमें विधानसभा सीटों की सीमा 500 ही तय की गई थी।

–अंकित सिंह।

कोच श्रेया मेहता ने दिए इंटरव्यू के गुर



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

माणिक्यलाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन एवं कौशल विकास के उद्देश्य से साक्षात्कार तकनीकों पर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। प्राचार्य बीएल जागेटिया की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। सहायक आचार्य सुमित कच्छारा ने स्वागत उद्बोधन में करियर सत्रों की प्रासंगिकता रेखांकित करते हुए बताया कि अमेरिका के प्रसिद्ध प्लेटफ़ॉर्म टॉपमेट के शीर्ष 100 क्रिएटर्स में शामिल तथा न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर के डिजिटल बिलबोर्ड पर स्थान पा चुकीं पूर्व एफएएएनजी कोच श्रेया मेहता मुख्य वक्ता रहीं। मुख्य वक्ता श्रेया मेहता ने प्रतिस्पर्धात्मक दौर में साक्षात्कार की तैयारी, संवाद कौशल और आत्मविश्वास पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि चयन के लिए केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं है, बल्कि अपनी क्षमताओं को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना और नियोक्ताओं की अपेक्षाओं को समझना जरूरी है। उन्होंने प्रभावी रिज्यूमे बनाने, लिंक्डइन के जरिए पर्सनल ब्रांडिंग विकसित करने तथा सटीक जॉब सर्च रणनीति अपनाने के व्यावहारिक सुझाव दिए। साथ ही भर्ती प्रक्रिया और रिक्रूटर्स की प्राथमिकताओं की जानकारी भी दी। सत्र में विद्यार्थियों ने करियर बदलाव और चुनौतियों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका वक्ता ने समाधान किया। लगभग 40 विद्यार्थियों की सहभागिता वाले इस आयोजन के अंत में डॉ. निधि गुप्ता ने मुख्य वक्ता, प्राचार्य और प्रतिभागियों के प्रति आभार जताया।

बिसलेरी की मुश्किलें बढ़ीं: बंगाल में भी पानी का नमूना निकला असुरक्षित, मुकदमा चलाने की मंजूरी

नई दिल्ली। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने पैकेज्ड पेयजल निर्माता कंपनी बिसलेरी इंटरनेशनल के खिलाफ एक और मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। पश्चिम बंगाल में कंपनी के प्लांट से लिए गए पानी के नमूने के प्रयोगशाला जांच में असुरक्षित पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। सूत्रों के मुताबिक, बिसलेरी पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के कानूनी नमूने में कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मौजूदगी मिली। यह नमूना पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के तेलीपाड़ा गांव स्थित कंपनी के प्लांट से लिया गया था। प्राथमिक और रेफरल, दोनों प्रयोगशालाओं ने बैक्टीरिया की मौजूदगी की पुष्टि की।

पहले सिर्फ एक बैच की बिक्री पर लगी थी रोक

नियामक ने 12 अगस्त 2026 को केवल संबंधित एक बैच की बि ी पर रोक लगाई थी। खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन को देखते हुए अब एफएसएसएआई ने कंपनी के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी जारी की है। एफएसएसएआई के मुताबिक, नमूना निर्धारित ब्रोमेट सीमा के मानकों पर खरा नहीं उतरा और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत उसे असुरक्षित घोषित किया गया। कंपनी की अपील के बाद नमूने को रेफरल फूड लैबोरेटरी भेजा गया। नियामक के अनुसार, वहां भी जांच में पॉलीन्यूक्लियर एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच) पाए गए और नमूने को असुरक्षित करार दिया गया। प्रयोगशालाओं की जांच में सामने आए नतीजों के आधार पर एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 के तहत बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ अभियोजन शुरू करने की अनुमति दी है।



गोवा में भी फेल हुआ था नमूना

इससे पहले रविवार को एफएसएसएआई ने गोवा स्थित बिसलेरी के एक प्लांट से लिए गए पानी के नमूने की जांच में विफल रहने के बाद कंपनी के खिलाफ इसी तरह की कानूनी कार्रवाई की घोषणा की थी। इस साल एफएसएसएआई ने खाद्य कारोबार से जुड़ी कंपनियों और ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई तेज की है। नियामक ने एनर्जी ड्रिंक और मादक पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है। वहीं, सोमवार को बिसलेरी ने अपने उत्पाद को उपभोग के लिए सुरक्षित बताया था। कंपनी ने कहा था कि वह इस मामले को सुलझाने के लिए एफएसएसएआई के साथ सहयोग करेगी।

उड़ीसा से लाई गई थी 104 किलो गांजे की खेप, पुलिस उड़ीसा रवाना

भीलवाड़ा। चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा हाईवे पर अर्टिगा कार से 104 किलो से अधिक गांजा जब्त करने के मामले में पुलिस जांच ने निर्णायक मोड़ ले लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि मादक पदार्थ की यह बड़ी खेप उड़ीसा से तस्करी कर लाई गई थी। तस्करी के मुख्य नेटवर्क और सप्लाई चेन का पर्दाफाश करने के लिए भीलवाड़ा पुलिस की एक विशेष टीम उड़ीसा के लिए रवाना की गई है। पुलिस के अनुसार, मंगरोप थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह को जिला विशेष टीम (डीएसटी) से मादक पदार्थ परिवहन की पुख्ता सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर एनएच-48 स्थित गुवारड़ी नाले के समीप नाकाबंदी कर एक संदिग्ध अर्टिगा कार को रोका गया। डीएसटी टीम ने मौके पर कार सवार तीन व्यक्तियों को डिटेन किया। वाहन की तलाशी के दौरान कार की डिग्गी और तीसरी पंक्ति की सीट के पास टेप से लिपटे पॉलिथीन के कुल 20 पैकेट बरामद किए गए। इन पैकेटों में गांजे के फूल, कलियां, पत्तियां और डंठल भरे थे, जिनका कुल वजन 104 किलो 271 ग्राम पाया गया। इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने जोरावरपुरा (थाना बागोर) निवासी धर्मेंद्र सिंह दरोगा (26) व मोहन गाडरी (43) तथा भादू निवासी नोरत सिंह उर्फ पृथ्वीराज सिंह उर्फ रतन सिंह चुंडावत (34) को गिरफ्तार कर अर्टिगा कार को जब्त कर लिया।

पुष्पा लढा बनी शाहपुरा की प्रधान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

पंचायत समिति शाहपुरा में 15 सदस्य निर्वाचित में 11 कांग्रेस 4 भाजपा के सदस्य निर्वाचित हुए है ।पंचायत समिति में सामान्य महिला आरक्षण पद है।पंचायत समिति के आज 27 नवंबर चुनाव में जनरल महिला आरक्षण में प्रधान पद पर कांग्रेस ने श्रीमती पुष्पा लढा को प्रत्याशी बनाया है । कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा लड्ढा ने निर्वाचन अधिकारी उप जिलाधीश को नामांकन देते समय कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पालिका अध्यक्ष रमेश सेन सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे । नामांकन देते समय भाजपा के जन प्रतिनिधि सहित कोई भी नगर कार्य कारणी के सदस्य उपस्थित नहीं थे। प्रधान का मतदान करने के पश्चात मतगणना हुई मतगणना में श्रीमती पुष्पा लढा को 11 मत मिले भाजपा के कमल कुमावत को 4 मत मिले निर्वाचन अधिकारी ने श्रीमती पुष्पा लढा को प्रधान पद के लिए निर्वाचित घोषित किया। निर्वाचन अधिकारी ने प्रधान पद पर श्रीमती पुष्पा लढा को घोषित करते हुए उनके समर्थनों ने पंचायत समिति के बाहर आतिशबाजी कर खुशियों का इजहार किया।



श्रीमती पुष्पा लढा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से सेवानिवृत हुई है। श्रीमती लढा लूलास में नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ स्नेह प्रेम करते हुए उन्हें शिक्षा का पाठ पढ़ाया। अब श्रीमती लढा लूलास के अलावा शाहपुरा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत में विकास कराएंगे। बीजेपी दल से कोमल कुमावत ने नामांकन दाखिल किया । कोमल कुमावत का

पंचायत चुनावों में भाजपा को झटका, भिनाय व मसूदा में कांग्रेस प्रधान निर्वाचित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

पंचायत चुनावों में मसूदा व भिनाय पंचायत समिति प्रधान चुनावों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। 31 साल बाद कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी मसूदा से प्रवीण सिंह व भिनाय से रिंका गुर्जर प्रधान निर्वाचित हुए।

मसूदा विधानसभा क्षेत्र की दो पंचायत समिति मसूदा व भिनाय में पंचायत चुनावों में ग्रामीण मतदाताओं ने कांग्रेस सरकार की



कमान सौंपी। मसूदा पंचायत समिति चुनाव में कुल 25 मतदाताओ ने प्रधान चुनावों में मतदान किया।



जिसमें स्पष्ट बहुमत वाली कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी प्रवीण सिंह को 13 मत तथा भाजपा प्रत्याशी गणपत मुनीम को 12 मत प्राप्त हुए। एक वोट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण सिंह ने जीत हासिल की। वहीं भिनाय पंचायत समिति चुनावों में कांग्रेस की रिका गुर्जर ने भाजपा की मैना चौधरी को 5 मतों से पराजित कर प्रधान पद पर जीत दर्ज कर कामयाबी हासिल की। भिनाय पंचायत समिति के 19 वार्डों में से 10 कांग्रेस व 9 भाजपा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। कांग्रेस को बहुमत के आधार पर 10 सदस्यों के अलावा दो अतिरिक्त मत मिले। वहीं भाजपा की मैना चौधरी को 9 में से 7 मत ही प्राप्त हुए। पालिका चुनावों में क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने मसूदा व भाजपा में भाजपा पालिका बोर्ड बनाने से पार्टी आलाकमान में कद बढ़ा था। परंतु पंचायत चुनावों में ग्रामीण मतदाताओं की बेरुखी से भाजपा को मसूदा व भिनाय पंचायत समिति से 31 साल बाद वंचित रहना पड़ा। कांग्रेस के पंचायत चुनावों में रणनीतिक कार कांग्रेस नेता संग्राम सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक राकेश पारीक की रणनीति का अहम हिस्सा पंचायत चुनावों की जीत को दर्शा रहा है।

वैसे भाजपा में पंचायत चुनावों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभाव रखने वाले भाजपा नेताओं की दूरी का खामियाजा भी पार्टी की हार का कारण बताया जा रहा है। कुल मिलाकर 31 वर्ष बाद मसूदा व भिनाय में कांग्रेस प्रधान निर्वाचित होने से बदलाव के संकेत मिलने लगे हैं।